शाला में उनके साथ कोलम्बिया विश्वविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग के डा० यूजेन टी० बूथ और वांडरबिल्ट यूनीवर्सिटी के डा० एफ० जी० स्लैंक थे। तीनों ने मशीन के विभिन्न भागों—खड, रेडियो सेट और टेलीविजन सेट—का परीक्षण किया। साधारण भाषा में कहा जाय तो मशीन में ये चीजें थीं—रेडियो एक्टिव रेडियम—बेरीलियम के मिश्रण को रखने के लिए एक ग्राहक (होल्डर), यूरेनियम आक्साइड के लिए एक छोटा-सा कक्ष, एक वर्धक (एम्पलीफायर), और एक पर्दा जिस पर यूरेनियम कक्ष की क्रियाएँ रेखाओं के रूप में अंकित होती हैं।

तैराकी की प्रतियोगिता शुरू होते समय या स्कूल में पहले दिन जो एक उत्तेजना-सी महसूस होती है, वैसा ही कुछ अनुभव इन तीन वैज्ञानिकों को भी हो रहा था। बहुतों को यह काम बड़ा अरुचिकर तथा परेशानी पैदा करने वाला मालूम होता। किन्तु सन् १९३९ में इन भौतिक-शास्त्रियों को यह बड़ा ही उत्तेजनाजनक प्रतीत होता था—उसी प्रकार जैसे कि यदि आप तीन टीन के टुकड़ों और सतरों से एक डिब्बे से शून्य में यात्रा करने वाला वायुयान बना लें तो आपको बेहद उत्तेजना महसूस होगी। दूसरे बहुत से वैज्ञानिकों की तरह इन वैज्ञानिकों ने भी काफी अरसे तक परमाणु का अध्ययन किया था और यह जानते थे कि यदि किसी प्रकार परमाणु को अलग निकाला जा सके अर्थात् उसका विखंडन किया जा सके तो एक बहुत बड़ी शक्ति—इतनी बड़ी शक्ति कि पहले पैदा हुई किसी भी शक्ति से कई गुना अधिक—मुक्त हो सकेगी।

यद्यपि दुनिया के कई बड़े-बड़े वैज्ञानिक अनुसंधान संयोगवश ही हो गये हैं (आपको याद है किस प्रकार गुडइयर से धोखे से कच्ची रबर का टुकड़ा गर्म स्टोव में गिर पड़ा था और उसके फलस्वरूप रबर का उद्योग शुरू हो गया था) किन्तु इस प्रयोग से एक निश्चित परिणाम की आशा की जाती थी। डा० डनिंग, बूथ और स्लैंक काफी परेशानी में थे।

आप कल्पना कीजिए जमीन के नीचे एक कमरे की जिसमें विभिन्न प्रकार के उपकरण (ऐपरेटस) भरे हुए हैं। लम्बे, सफेद रंग के कोट पहने हुए दो व्यक्ति (डा० डनिंग भूरे कोट में) टेलीविजन सरीखी दिखाई देने वाली मशीन

के तारों को बार-बार जांच रहे हैं। डा० डनिंग एक छोटा, चपटा पतर (डिस्क) लेते हैं, जो आधे डालर के बराबर किन्तु टीन की पर्त के बराबर पतला है—और उसे पैराफीन के टुकडो के काफी भीतर एक धातु के बर्तन में रख देते हैं। दूसरे पैराफीन के खंड वे (टुकड़े) प्रवेश मार्ग में सावधानी के साथ रख देते हैं। फिर, यूरेनियम के पास जो खंड हैं, उनके द्वार पर एक लम्बी धातु की छड़ पर रख कर एक जस्ते के बर्तन को जमा दिया जाता है। इस बर्तन में, जिसका आकार एक टमाटर के सूप के बर्तन के बराबर है, रेडियम का एक रेडियो एक्टिव मिश्रण है जिससे लगातार ऐसी किरणें निकलती रहती हैं जो मनुष्य के लिए हानिकारक हो सकती हैं। इसीलिए लम्बी धातु की छड़ का इस्तेमाल किया जाता है।

डा० डनिंग एम्प्लीफायर और आसिलोस्कोप या टलीविज़न के पर्दे को खोल देते हैं। तीनों आदमियों को यह उम्मीद है कि प्रयोग असफल रहेगा पर्दे के बीच में एक तेज हरे रंग की लहराती हुई रेखा है जो गोले में एक ओर से दूसरी ओर तक जाती है। पर्दे के दूसरे हिस्सों में इधर उधर दूसरी छोटी छोटी हरी रेखाएँ हैं, जो यूरेनियम की साधारण रेडियो एक्टिव लहरों से पैदा हुई हैं। रेखाएँ तो यहीं हैं, किन्तु इसस कोई खास बात नही हुई। अब, लम्बी धातु की छड़ के अन्त में जो जस्ते का बर्तन है, उसे हिला डुला कर डा० डनिंग सही जगह पर कर देते हैं। वैज्ञानिक आश्चर्य चकित रह जाते हैं। पर्दे पर पहले बनी रेखाओं के सिवाय कुछ और रेखाएँ आ जाती हैं, ये लम्बी, ऊपर नीचे (ऊर्ध्वाधर), हरे रंग की रेखी (स्ट्रीक) होती हैं। ये रेखी बहुत अधि चमकदार होती हैं और भैविम दृश्य (पूरी डायमेंशनल एफेक्ट) प्रस्तुत करत [illegible]

मशीन पर महीनो काम किया है," डा० बूथ कहते हैं, "आप जानते हैं कि मशीन बिल्कुल ठीक है।" वे रेडियम-बेरीलियम और यूरेनियम के बीच में एक धातु की तश्तरी रखते हैं। लम्बी रेखाओं का आना रुक जाता है। वे तश्तरी को हटा देते हैं। तेज हरे रंग की रेखाएँ फिर आने लगती हैं। ६ बजे रात वे तीनो वैज्ञानिक इस निश्चय पर पहुँचते हैं कि परमाण्विक शक्ति का मुक्त होना एक निश्चित तथ्य है। तब भी वे तय करते हैं कि इस प्रयोग के परिणामों को उस समय तक प्रकट न किया जाय जब तक कि डा० फरमी तथा कोलम्बिया विश्वविद्यालय के इंजीनियरी और विज्ञान विभाग के अन्य लोग इसकी जांच और परीक्षण न कर लें। आप यह स्मरण रखें कि देश में और भी दूसरे वैज्ञानिक थे जो कि इस प्रश्न का अध्ययन तथा इस पर प्रयोग कर रहे थे।

डा० डनिंग अपने दफ्तर में जाते हैं और वे यह हिसाब लगाना प्रारम्भ करते हैं कि जब यूरेनियम का विखण्डन किया जाता है तो कितने परिमाण में शक्ति पैदा होती है। और, वे एक बड़े ही आश्चर्यजनक परिणाम पर पहुँचते हैं। वैज्ञानिकों ने उस रात, १२०० लाख एलेक्ट्रोन वोल्ट और २००० लाख एलेक्ट्रोन वोल्ट के बल वाली मुक्त शक्ति का प्रमाण पाया। जब गैसोलीन विस्फोटित होता है या जलता है तो उससे १ से ५ एलेक्ट्रोन वोल्ट शक्ति मुक्त होती है। डा० डनिंग ने अपनी पेंसिल रख दी, अपना कोट और हैट सम्भाला, अपने कमरे की रोशनी बन्द की और सुनसान, चक्करदार सड़क पर, गम्भीरता-पूर्वक अपने घर की ओर चल दिए।

अब हम देखेंगे कि मोटे तौर पर उस रात प्रयोग में क्या हुआ। हम जानते हैं कि रेडियम रेडियो एक्टिव होता है। इससे अल्फा कण निकलते हैं। रेडियम के अल्फा कणों ने बेरीलियम पर बमबाजी की जिससे साधारण कार्बन और तीव्र गति वाली न्यूट्रोन की गोलियाँ पैदा हुईं। मशीन में एक सेकिंड में करीब एक करोड़ न्यूट्रोन पैदा हुए जो चारो तरफ फैल गये। किन्तु इन न्यूट्रोनों की गति इतनी अधिक थी कि पास में रखे हुए यूरेनियम के परमाणु इसको पकड़ न सकते थे, इसलिए न्यूट्रोनों की गति मंद करनी पड़ी। यह कार्य पैराफीन के

सण्डो द्वारा किया गया। न्यूट्रोनों की गति कम कर दी गई जिससे कि जब
यूरेनियम के मिश्रण के पास पहुँचे तो उन्होंने यूरेनियम परमाणुओं पर चोट
और उन्हें विसण्डित किया। इस विसण्डन के फलस्वरूप बेरियम, बीटा
गामा किरणें, अतिरिक्त न्यूट्रोन और विशाल परिमाण में शक्ति पैदा हुई

इस परमाण्विक विस्फोट का असर धातु की प्लेट पर पड़ा और जो शक्ति
मुक्त हुई वह ओससिलोस्कोप या टलीविजन के पर्दे पर लम्बी ऊपर-नीचे
रेखाओं द्वारा प्रकट हुई।

कोलम्बिया विश्वविद्यालय में किए गये प्रयोग से यह सिद्ध हो गया कि
यूरेनियम परमाणु को विसण्डित किया जा सकता है और उससे बहुत अधिक
शक्ति पैदा होती है। इस प्रयोग के बाद देश के विभिन्न भागों में इस विषय
पर कई अनुसंधान किए जाने लगे। कोलम्बिया में जो प्रयोग किए जाते रहे
नोबुल पुरस्कार विजेता डा० हैराल्ड सी० उरे और कोलम्बिया के विज्ञान
विभागों के प्रबन्धक डा० जार्ज पेग्राम के निर्देशन में हुए। इन्ही को बाद में
प्रसिद्ध "मैनहटन डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट" का नाम दिया गया।

परमाणु और उसके न्यूक्लिअस की रचना के सम्बन्ध में वैज्ञानिकों और
इंजीनियरों के दो दलों ने दो विभिन्न रीतियों से शोध-कार्य करना प्रारम्भ
कर दिया।

डा० डनिंग और बूथ यह जानते थे कि यूरेनियम परमाणु दो विभिन्न
प्रकार के हैं जिनको अलग-अलग करना अत्यन्त कठिन है, इसलिए दोनों ने यह
पता लगाने का निश्चय किया कि कौन-सा यूरेनियम परमाणु अधिक आसानी
के साथ विखण्डित किया जा सकता है। वे यह जानते थे यूरेनियम परमाणु
यू २३५, यू २३८ की अपेक्षा १४० गुना बहुतायत में है। यह बताने के लिए
कि कौन-सा अधिक आसानी से विखण्डित किया जा सकता है, उनके पास दोनों
मात्रा में होने चाहिए थे। मिनेसोटा विश्वविद्यालय के डा० ए० ओ० नायर
सहायता के लिए आगे आए और उन्होंने घनीभूत यूरेनियम परमाणु
को एक ग्राम के १० लाखवें हिस्से के बराबर पैदा करने में सफलता
इस, बड़ी मुश्किल से पाये जाने वाले यू २३५ के अत्यंत सूक्ष्म परिमाण

कों डनिग और बूथ ने जांच की और वे इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि इसको आसानी से विखंडित किया जा सकता है।

जब कोलम्बिया के डा० डनिग और बूथ को यह निश्चय हो गया कि उन्हें वास्तव में यू २३५ की ही आवश्यकता है तो फिर वे यह सोचने लगे कि किस प्रकार, सब से अच्छे तरीके से यू २३५ का निर्माण किया जा सकता है। समस्या यह थी कि यू २३५ कुछ अधिक मात्रा में मिलना चाहिए था। यदि १ ग्राम का दस लाखवा हिस्सा बनाने में डा० नायर को एक वर्ष लग गया तो फिर यकायक काफी, या समझ लीजिए कि आधा सेर, यू २३५ बना पाने की आशा तो बहुत कम ही थी।

एक वैज्ञानिक ने हिसाब लगा कर बताया कि काफी शुद्ध १ सेर यूरेनियम २३५ बनाने में ६० हजार वर्ष लग जाएंगे।

कैलीफोर्निया विश्वविद्यालय में डा० अरनेस्ट ओ लारेंस के साथ काम करने वाले वैज्ञानिकों के एक दल ने सन् १९४१ के अन्त में इस प्रश्न का उत्तर खोज निकाला। उन्होंने यह पता लगाया कि यू २३८ जब न्यूट्रोन का अवशोषण (अवशोषण) करता है, तो वह यूरेनियम से कुछ भिन्न पदार्थ बन जाता है, एक नया पदार्थ बन जाता है। इसका अनुसंधान करने वाले डा० मैकमिलन और डा० सीबोर्ग ने इसे प्लुटोनियम नाम दिया। प्लुटोनियम को विखंडित करना भी इतना ही आसान था जितना यू २३५ का और इसके साथ एक विशेष सुविधा यह थी कि साधारण रासायनिक तरीकों से इसे आसानी से यू २३८ से अलग किया जा सकता था। इसलिए सन् १९४२ में कैलीफोर्निया के दल ने यह सोचना शुरू किया कि अधिक परिमाण में प्लुटोनियम का उत्पादन किस प्रकार किया जाए। इस अनुसन्धान के फलस्वरूप बाद में प्लुटोनियम का उत्पादन करने के लिए हॉनफोर्ड, वाशिंगटन, में एक प्लांट लगाया गया।

यद्यपि यू २३५ के उत्पादन का कई अलग-अलग संभव रीतियों थीं किन्तु डनिग-बूथ दल ने, कई बाधाओं और संदेहों के होते हुए भी, गैसों के विसरण (डिफ्यूज़न) के तरीके से, यू २३८ के अधिक परिमाण से यू २३५ को

अन्य मात्रा निकालने का निश्चय किया। जैसा इसके नाम से स्पष्ट है, इसमें यूरेनियम धातु को पहले गैस में बदल दिया जाता था फिर उसे [illegible] में पैदा कर यू २३५ के कण चुन लिए जाते थे। फ्लोरिन नाम की गैस जिसका उपयोग दाँतों की रक्षा करने के लिए दाँतों के डाक्टर प्रयोग करते हैं यूरेनियम के साथ मिलकर यूरेनियम हेक्सा फ्लूराइड बनाती है। यह शक्तिशाली गैस होती है और कांच को पार करके बाहर निकल जाती है। इसलिए इसको किसी वस्तु के अन्दर रखने का प्रश्न भारी बना था। किन्तु इस समस्या को भी हल कर लिया गया।

गैस रूप में यूरेनियम और फ्लोरिन को दबाव के साथ एक टंकी के एक सिरे में पम्पों द्वारा डाला जाता है। इस टंकी को एक छिद्र वाली, चलनी की तरह, एक दीवाल से विभाजित किया जाता है। इसमें करोड़ों छेद होते हैं और प्रत्येक छेद एक इंच व्यास के करोड़वें भाग के बराबर होता है। यू २३५ के मालीक्यूल (यूरेनियम के परमाणु और फ्लोरिन का मिश्रण) वजन में थोड़े हलके होते हैं इसलिए यू २३८ के मालीक्यूलों की अपेक्षा अधिक तेजी से चलते हैं। यू २३५ के मालीक्यूल जितने ही अधिक हलके होंगे, उतने ही अधिक आसानी से वे चलनी सरीखी दीवाल के छिद्रों से तेजी से पार हो सकेंगे। जो गैस इस प्रकार छेदों को पार करके टंकी दूसरी ओर चली जाती है उसमें यू २३८ की अपेक्षा यू २३५ अधिक होते हैं क्यों यू २३५ अधिक आसानी और तेजी से दीवाल के पार चले जाते हैं। गैस को फिर एक दूसरी दीवाल के पार भेजा जाता है और इस दीवाल में भी अत्यंत छोटे-छोटे छिद्र होते हैं, इसलिए अब यू २३५ की संख्या पहले से और भी अधिक हो जाती है। यदि इसी प्रकार गेस को और कई टंकियों में से निकाला जाय तो अन्त में हेक्सा फ्लोराइड गैस में अधिकांश संख्या यू २३५ की ही होती है। इस लम्बी क्रिया के पश्चात् यूरेनियम २३५ को एक बार फिर फ्लोरिन से अलग किया जा सकता है और इस सबका परिणाम यह होता है कि यू २३५ को आसानी से विखंडित किया जा सकता है और इससे फिर परमाणु बम बनाया जा सकता है या किसी पावरप्लांट को चलाने के लिए [illegible] की जा सकती है।

परमाणु विस्फोट का चित्र

कोलम्बिया विश्वविद्यालय दल ने अपनी प्रयोगशाला में एक प (टेबलटाप) पर १२ व्यवधानों वाला गैसीय अवशोषक प्लांट बनाया। बाद टेनेसीस के ओकरिज स्थान में कई एकड़ जमीन को घेर कर जो गैसीय अव शोषक प्लांट बनाया गया, यह प्लांट (प्रयोगशाला में बना हुआ) उसका पूर्व गामी प्लांट (पायलेट प्लाट) बन गया। ओकरिज का यह प्लांट अब एक ग्र

गैसीय शोषण क्रिया में यू २३५ के कण बाधकों से पार हो जाते हैं किन्तु भारी वजन वाले यू २३८ रुक जाते हैं।

का १० करोड़वां हिस्सा नहीं बल्कि कई सेर यू २३५ उत्पादित करत इंजीनियरिंग चातुर्य का यह महान् आश्चर्यजनक उदाहरण था। यह मैनहाटन डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट में काम करने वाले वैज्ञानिकों के प्रयोगश अन्वेषणों पर आधारित था।

: ५ :

परमाणु भट्टी

वैज्ञानिकों का एक दल यूरेनियम २३५ का उत्पादन प्रयत्नशील था, उसी समय डा० एनरिको फ़रमी के निर्दे का दूसरा दल परमाणु ...

द्वारा एक परमाणु-भट्टार में यूरेनियम के परमाणु की आत्म निर्भर क्रिया-शृंखला उत्पन्न करने का प्रयत्न किया जा रहा था। यही इसका सर्वप्रथम उद्देश्य था। जब यू २३५ से टकरा कर, न्यूट्रोन न्यूक्लियसों को विखंडित करके शक्ति पैदा करते थे तो दूसरे न्यूट्रोन यूरेनियम २३८ से टकरा कर प्लूटोनियम उत्पन्न करते थे, जो कि उतनी ही आसानी से विखंडित किया जा सकता था, जितनी आसानी से यू २३५। इस प्रकार साथ ही साथ इस उद्देश्य की सिद्धि भी की जा सकती थी।

डा० फरमी के दल में डा० लियो जिलार्ड, डा० वाल्टर एच० जिन, हरबर्ट एल० ऐंडरसन तथा कई अन्य थे।

१९४१ की गर्मी की ऋतु में कोलम्बिया विश्वविद्यालय में एक बार फिर फरमी जिलार्ड दल ने ग्रेफाइट और यूरेनियम का एक बड़ा परीक्षण भट्टार निर्मित किया। किन्तु इस बार यह उसी भवन की ७ वी मंजिल में था जहां कि गैसीय अवशोषक क्रिया पर अनुसंधान किया जा रहा था। जब यह उस प्रयोगशाला के लिए बहुत बड़ा हो गया जिसमें कि वह शुरू किया गया था तब वह विश्वविद्यालय के क्षेत्र में एक दूसरी इमारत में लाया गया, यहां काफी अधिक स्थान था। यह सर्व-प्रथम परमाणु-भट्टी थी और तब से आज तक जितने परमाण्वीय रिएक्टर बने हैं, उन सब के लिए यह आदर्श है।

यह आप स्मरण रखें कि सन् १९४० तक, यूरेनियम के परमाणु को विखंडित करने के जितने प्रयोग किए गये, वे सभी यूरेनियम के अत्यंत सूक्ष्म परिमाण से ही किए गये थे। संसार का प्राय प्रत्येक वैज्ञानिक यह जानता था कि ऐसा किया जा सकता है और वह यह भी जानता था कि इस विखंडन से महा शक्ति उद्भूत होती है।

डा० एनरिको फरमी तथा मैनहट्टन डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट में काम करने वाले अन्य वैज्ञानिकों और इंजीनियरों ने यह संभावना देखी कि एक परमाण्विक भट्टी का निर्माण किया जा सकता है जिसमें क्रिया-शृंखला सम्भव हो सकेगी।

क्रिया-शृंखला को इस प्रकार समझाया जा सकता है। यदि आप एक मेज पर पिरामिड की शक्ल में कई चूहेदान रखें तो इसका कुछ अनुमान हो सकता

लेबारट्री का नक्शा

है। एक से शुरू कीजिए, फिर दो, फिर चार, फिर ग्राठ, फिर सोलह, फिर बत्तीस ग्रौर इसी प्रकार ग्रागे करते जाइए। ग्रब समझ लीजिए कि पहला चूहेदान यूरेनियम का एक परमाणु है। यह विखंडित होकर दो न्यूट्रोन छोड़ता

ओकरिज, टेनेसी में यू २३५ के उत्पादन के लिये प्रयोगशाला का माडल (ऊपर) और उसके आधार पर बना प्लांट (नीचे)

ो दूसरे दो परमाणुओं से टकराते हैं ग्रौर प्रत्येक दो न्यूट्रोन मुक्त करता यह ये चार ग्राठ परमाणुओं से टकराते हैं। इस प्रकार, इस क्रिया- ला में, करीब-करीब एक साथ पूरे चूहेदान खट-खट बन्द होने जाते हैं।

यूरेनियम में तो सब का सब एक सेकेंड के दस लाखवें हिस्से में सबके सब विखंडित होने लगते हैं। और इनसे महा विस्फोट होता है। परमाणु बम में इसी प्रकार की अनियंत्रित क्रियाशृङ्खला होती है।

यदि बम की दृष्टि से देखा जाए तो एक पौंड (आधा सेर) यूरेनियम जो विस्फोटक शक्ति पैदा करता है वह २०,००० टन टी० एन० टी० के विस्फोट के बराबर होती है। यदि इसी महाशक्ति को धीरे-धीरे मुक्त किया जा सके तो एक पाउंड यूरेनियम से इतनी शक्ति पैदा होगी जो कि १ करोड़ २० लाख किलोवाट के बराबर होगी। इससे १ दिन तक पूरे न्यूयार्क नगर को बिजली दी जा सकती है, या न्यू इंग्लैंड के सभी घरों को एक रात तक के लिए प्रकाश पहुँचाया जा सकता है।

यह मालूम किया जा चुका है कि यूरेनियम को विखंडित करके नियंत्रित क्रिया-शृङ्खला पैदा करने के लिए अत्यधिक शुद्ध यूरेनियम को इस्तेमाल करने की आवश्यकता है। यह यूरेनियम न्यूट्रोन की एक बड़ी तेज लहर छोड़ता है। ये इतने तेज होते हैं कि उनमें से बहुत कम दूसरे यूरेनियम परमाणुओं के न्यूक्लियसों से टकरा पाते हैं और इसलिए लगातार क्रिया नहीं हो पाती। इस लिए न्यूट्रोनों की गति धीमी करने, या उन्हें दौड़ाने की नहीं बल्कि चलाने की जरूरत होती है, जिससे वे दूसरे यूरेनियम परमाणुओं द्वारा आसानी से पकड़े जा सकें और उन्हें विखंडित कर सकें और इस प्रकार क्रिया-शृङ्खला की गति धीरे-धीरे ही जारी रखें। न्यूट्रोन कुछ उच्छृङ्खल और स्वतंत्र प्रकृति के होते हैं। उनमें बहुत अधिक गति होती है और एक बार मुक्त हो जाने पर कहीं भी जा सकते हैं किन्तु यूरेनियम के परमाणु में वे तब तक नहीं जायेंगे जब तक कि उनकी गति कम न की जाएगी।

कुछ ऐसे पदार्थ हैं—जैसे हेलियम और कार्बन—जो यूरेनियम न्यूट्रोन की गति कम कर देते हैं। कोलम्बिया दल ने कार्बन के उपयोग का निश्चय किया क्योंकि काफी अधिक परिमाण और शुद्ध रूप में पैदा करने के लिए यह सब से सरल पदार्थ है। यह भी निश्चित किया गया कि यूरेनियम के कणों को कुछ स्थान छोड़-छोड़ कर कार्बन कणों के बीच में रखा जाएगा जिससे कि

लेबारट्री का नक्शा

है। एक से शुरू कीजिए, फिर दो, फिर चार, फिर आठ, फिर सोलह, फि
बत्तीस और इसी प्रकार आगे करते जाइए। अब समझ लीजिए कि पहल
चूहेदान यूरेनियम का एक परमाणु है। यह विखंडित होकर दो न्यूट्रोन छो

परमाण्वीय आग में भी कारबन और यूरेनियम की राशि पूर्णत ठीक आकार की होनी चाहिए अन्यथा जब आप दियासलाई लगाएंगे तो यह ठीक से नही जलेगी। परमाण्वीय आग की दियासलाई एक न्यूट्रोन है।

जब वैज्ञानिको ने अतत यह निश्चय कर लिया कि परमाण्वीय राशि बनाने के लिए क्या आवश्यक है तब उन्होने कुछ वास्तविक या अधिक महत्वपूर्ण प्रश्नो पर विचार करना प्रारभ कर दिया।

अब तक हमने यह देखा है कि समूचे संसार में शुद्ध यूरेनियम धातु कुछ ग्राम (कुछ तोले) ही मिलेगा। रिएक्टर बनाने के लिए कई सौ सेर यूरेनियम की आवश्यक्ता थी। इसके सिवा मनो शुद्ध कार्बन की भी आवश्यकता थी।

कार्बन तो काफी शुद्धता के साथ बनाया जा सकता था। किन्तु सबसे बडी समस्या थी यूरेनियम के बनाने की किन्तु धीरे-धीरे इस समस्या का भी हल निकल आया।

कोलबिया की एक प्रयोगशाला में यूरेनियम और कार्बन की ठीक-ठीक राशि का आकार और परिमाण ढूंढने के लिए कार्य शुरू हो गया। चूंकि राशि के लिए कठिनाई से बन सकने वाले यू २३५ की जरूरत न थी, बल्कि जरूरत थी उस शुद्ध यूरेनियम धातु की जिसमें यू २३५ और यू २३८ दोनो हों, इसलिए इस काम के लिए काफी यूरेनियम धातु का शुद्धिकरण कर लिया गया था। एक खंड के ऊपर दूसरे खड को रखते हुए, इस प्रकार मैनहाटन डिस्ट्रिक्ट दल ने इतना जमा किया कि वह छत छूने लगा। यह महसूस किया जाने लगा कि अब बडी राशि को एकत्र करने के लिए अधिक बडे कमरे की आवश्यकता है। यदि बहुत अधिक न्यूट्रोन निकल भागे तो फिर क्रिया शृखला नही होगी।

सुरक्षा की दृष्टि से तथा अधिक स्थान की आवश्यकता के कारण पूरा दल अब अपने साज-सामान के शिकागो, इलिनाय, को चला गया और साथ में सभी यूरेनियम और कार्बन भी। वहाँ उन्होने स्टैगफील्ड में अपना डेरा जमाया। यह मैदान (फील्ड) सन् १९३९ तक शिकागो विश्वविद्यालय के फुटबाल का मैदान था। इसमें एक बडा कक्ष (कोर्ट) था, जहाँ इन्होने अपना कार्य शुरू किया। यह कक्ष ३० फीट चौडा, ३० फीट ऊँचा और ६० फीट लम्बा था।

परमाणवीय ढाल के की आकार और यूरेनियम की राशि पूर्णत ठीक प्रकार की होनी चाहिए, अन्यथा यह ढाल क्रियाशील नहीं होगी यदि नापने में यह ठीक से नहीं होगी। परमाणवीय ढाल की क्रियाशीलता एक न्यूट्रॉन है।

अब वैज्ञानिकों ने इतना तो निश्चय कर लिया कि परमाणवीय राशि बनाने के लिए क्या आवश्यक है तब उन्होंने कुछ वास्तविक या अधिक महत्व-पूर्ण प्रश्नों पर विचार करना प्रारम्भ कर दिया।

यह सब हमने यह देखा है कि सबसे पहले बाजार में शुद्ध यूरेनियम धातु कुछ ग्राम (कुछ औंस) ही मिलेगा। सिलेण्डर बनाने के लिए कई सौ सेर यूरेनियम की आवश्यकता थी। इसके सिवा मनों शुद्ध कार्बन की भी आवश्यकता थी।

कार्बन तो काफी शुद्धता के साथ बनाया जा सकता था। किन्तु सबसे बड़ी समस्या थी यूरेनियम के बनाने की किन्तु धीरे-धीरे इस समस्या का भी हल निकल आया।

कोलम्बिया की एक प्रयोगशाला में यूरेनियम और कार्बन की ठीक-ठीक राशि का आकार और परिमाण ढूंढने के लिए कार्य शुरू हो गया। चूंकि राशि के लिए कठिनाई से बन सकने वाले यू २३५ की जरूरत न थी, बल्कि जरूरत थी उस शुद्ध यूरेनियम धातु की जिसमें यू २३५ और यू २३८ दोनों हों, इसलिए इस काम के लिए काफी यूरेनियम धातु का शुद्धिकरण कर लिया गया था। एक खंड के ऊपर दूसरे खंड को रखते हुए, इस प्रकार मैनहाटन डिस्ट्रिक्ट दल ने इतना जमा किया कि वह छत छूने लगा। यह महसूस किया जाने लगा कि अब बड़ी राशि को एकत्र करने के लिए अधिक बड़े कमरे की आवश्यकता है। यदि बहुत अधिक न्यूट्रोन निकल भागे तो फिर क्रिया शृंखला नहीं होती।

सुरक्षा की दृष्टि से तथा अधिक स्थान की आवश्यकता के कारण पूरा दल सब अपने साज-सामान के शिकागो, इलिनास, को चला गया और साथ में सभी यूरेनियम और कार्बन भी। वहाँ उन्होंने स्टैगफील्ड में अपना डेरा जमाया। यह मैदान (फील्ड) सन् १६३६ तक शिकागो विश्वविद्यालय के फुट-बाल का मैदान था। इसमें एक बड़ा कक्ष (कोर्ट) था, जहाँ इन्होंने अपना कार्य शुरू किया। यह कक्ष ३० फीट चौड़ा, ३० फीट ऊँचा और ६० फीट लम्बा था।

वैज्ञानिकों ने कोलम्बिया में कई छोटी-छोटी राशियाँ बनाई थीं, और उन्होंने अब तक यह मालूम कर लिया था कि क्रिया-शृंखला पाने के लिए कितनी बड़ी राशि की जरूरत है। उन्होंने इस बड़ी राशि का धीरे-धीरे और सावधानी पूर्वक ही निर्माण किया। कार्बन के कारण उनका शरीर इस प्रकार काला हो जाता था कि प्राय: वे ऐसे दिखते थे जैसे कि कोयले की खान में काम करने वाला कोई आदमी हो।

एक महत्वपूर्ण बात यह थी कि इस परमाण्विक राशि को नियन्त्रण के बाहर न होने दिया जाए। यदि कहीं यह नियन्त्रण से बाहर चला गया तो फिर सभी स्थानों में एक भीषण विस्फोट होगा या फिर समूचा स्थान इस प्रकार रेडियम-धर्मी हो जाएगा कि मीलों तक जीवन का कोई चिन्ह नजर नहीं आएगा। यद्यपि वैज्ञानिकों ने सभी सावधानियाँ बरत ली थीं; किन्तु यह खतरा तो बना ही हुआ था। समय-समय पर इस तरह की कहानियाँ कही और सुनी जाती थीं कि किस प्रकार क्रिया-शृंखला शुरू हो सकती है और उससे वास्तव में पूरी जमीन ही उड़ सकती है। यद्यपि बात इतनी अधिक नहीं थी जितनी कि कही जाती है किन्तु तब भी इस परमाण्विक राशि पर काम करने वालों के दिल में डर जरूर था और अकसर वे इस बारे में सोचा करते थे।

क्योंकि यह सब काम बड़ी शीघ्रता से किया गया जिस प्रकार कोई अत्यावश्यक कार्य किया जाता है, इसलिए वैज्ञानिकों के पास इसका समय न था कि वे इसकी पूर्ण योजना या भवन-निर्माण का खाका आदि बनाते। उन्होंने यह तय पाया कि राशि करीब-करीब एक गेंद की तरह होगी जिसका व्यास २६ फीट होगा। लकड़ी के तख्तों के ऊपर इसको जमाया गया। यूरेनियम और कार्बन की यह असाधारण राशि केवल ६ हफ्तों में तैयार कर ली गई।

यद्यपि कार्बन के कारण, एक परमाणु से दूसरे परमाणु में जाने की न्यूट्रोन की गति मंद पड़ जाती है। किन्तु कैडमियम नाम की धातु न्यूट्रोन का अव... कर लेती है। इसलिए सावधानी की दृष्टि से, यह सोचकर कि कहीं गलत न हो गया हो और ज़रा-सी गलती का भयंकर परिणाम हो

पहुँच गया, जब अवस्थित हो गया। जब भी छड़ को थोड़ा बाहर खींचा जाता था, यही क्रिया होती थी अर्थात् यन्त्र जोरों से काम करने लगता था। अब तक, जो कुछ डा० फरमी ने अनुमानित किया था, वह बिल्कुल सही उतर रहा था। इस तरह सवेरे का पूरा समय इसी सावधानी पूर्ण क्रिया में लग गया। यद्यपि वैज्ञानिक लोग बहुत ही अधिक उत्तेजित थे किन्तु तब भी वे दोपहर के भोजन के लिए गये।

भोजन के बाद, वे फिर अपने काम पर आ गये और छड़ को बाहर निकालने का काम प्रारंभ कर दिया। बाद में वह छड़ इतनी हद तक बाहर आ गई कि डा० फरमी ने सोचा कि अब इसके बाद परमाण्वीय राशि में क्रिया शृंखला खुदबखुद शुरू हो जाएगी। ठीक ३ बज कर २५ मिनट पर

(सेल्फ सस्टेंड रिएक्शन) राशि में क्रिया शुरू हो गई और परमाण्वीय भट्टी लगातार चलने लगी। रेडिएशन बड़ी तीव्रता से ३ बज कर ५३ मिनट तक बढ़ता रहा, इसके बाद क्रिया रोकने के लिए डा० फरमी ने कैडमियम छड़ को पूरा अन्दर में डाल दिया।

वैज्ञानिकों ने आखिर इस काम को कर ही लिया। उन्होंने एक पूर्ण स्व-

निर्भर क्रिया-शृंखला पैदा कर दी जो कि यूरेनियम के विगंडन के फलस्वरूप उष्णता पैदा करती थी। डा० यूजेन पी० विगनर ने अपने माथे से पसीना पोंछा और एक हल्की शराब की बोतल निकाली। डा० फरमी ने कागज के बने हुए कुछ प्याले मगाए और वैज्ञानिकों के इस थके हुए दल ने 'परमाणु-युग' के स्वागत में शराब पी।

डा० ए० एच० काम्पटन ने—जो उस समय शिकागो विश्वविद्यालय के परमाणु शक्ति विभाग के अध्यक्ष थे—मसाचुसेट्स में, कैम्ब्रिज के डा० जेम्स बी० कोनाट से टेलीफोन मिलाया। डा० कोनांट नेशनल डिफेंस रिसर्च कमेटी (राष्ट्रीय सुरक्षा अन्वेस समिति) के अध्यक्ष थे। यह अत्यधिक गोपनीय वैज्ञानिक प्रगति डा० कोनांट को जिन शब्दों में बताई गई वे उतने ही महत्वपूर्ण और प्रसिद्ध हैं जितने टेलीफोन के निर्माता अलेग्जेंडर बेल के ये शब्द, "ईश्वर ने क्या किया।"

"हलो," डा० काम्पटन ने कहा "इटली का पथ-प्रदर्शक नई दुनिया में पहुँच गया है।"

"और वहाँ के निवासियों को उसने कैसा पाया?" डा० कोनाट ने कैम्ब्रिज से पूछा।

"बहुत ही मैत्रीपूर्ण," डा० काम्पटन ने उत्तर दिया।

: ६ :

परमाणवीय मशीन—
परमाणु की एक झलक

पृथ्वी मंडल के बाहर आकाश में जो बहुत-सी बातें हैं उन्हें हम यहां से न देख सकते हैं और न उनका अनुभव ही कर सकते हैं किन्तु खगोल-शास्त्र हमें हमें आकाश सम्बन्ध में नई-नई बातें खोज कर बताता रहता है। परम

ज्ञानिक सूक्ष्म से सूक्ष्म वस्तुओं का अध्ययन और उनकी खोज करता रहता और हमें ऐसी-ऐसी बातें बताता रहता है जिनको समझ सकना भी बड़ा कठिन होता है। इन लोगों ने एक सूक्ष्मदर्शक यंत्र के द्वारा देखा और उन्हें मालूम हुआ कि कुछ अत्यंत छोटी-छोटी चीजें हैं। ये छोटी-छोटी चीजें और भी छोटी-छोटी चीज़ों से बनी हुई मालूम पड़ी, जिन्हें इन्होंने परमाणु का नाम दिया। फिर उन्होंने पता लगाया कि परमाणु के भी कई भाग होते हैं, जैसे न्यूक्लिअस। और फिर यह पता लगा कि न्यूक्लिअस के भी और छोटे-छोटे हिस्से होते हैं।

सूक्ष्मदर्शक-यंत्र के द्वारा हम छोटी से छोटी चीज को देख कर उसका पता लगा सकते हैं। किन्तु परमाण्विक मशीनें उन वस्तुओं का पता अप्रत्यक्ष प्रमाण द्वारा लगाती हैं जिन्हें हम देख नहीं सकते। बहुत-सी परमाण्विक मशीनें, जैसे सायक्लोट्रोन, सिनको-सायक्लोट्रोन, बीटेट्रोन, लाइनर एक्सीलरेटर और सिन्को-ट्रोन ये सभी, केवल महा सूक्ष्मदर्शक-यंत्र हैं, जिनके द्वारा वैज्ञानिक परमाणु और उनके हिस्सों के बारे में अधिक जान पाते हैं। जितना ही अधिक न्यूक्लिअस की गहराई में वे जाते हैं, उतनी ही अधिक बड़ी मशीन की उन्हें आवश्यकता होती है, जिससे कि वे अंदर देख सकें। हर बार जब बड़ी मशीन को बनाने की आवश्यकता पड़ती है तो वह इंजीनियरों के लिए एक समस्या होती है। कोलम्बिया की सिन्को-सायक्लोट्रोन मशीन—जो दुनिया की सब से बड़ी मशीनों में से एक है—के बनाने में तीन हज़ार टन इस्पात और ताम्र लगा है। लाग द्वीप पर स्थित ब्रुकहेवेन राष्ट्रीय प्रयोगशाला में जो नई सिन्क्रोट्रोन मशीन बनी है, वह यदि उसी प्रकार बनाई जाती जैसी कि कोलम्बिया में बनाई गई है, तो फिर उसमें एक नगर खड के बराबर इस्पात लगता। सौभाग्य वश उसके बनाने का एक दूसरा तरीका निकाल लिया गया।

वास्तव में ये मशीनें यह करती हैं कि वे अत्यधिक तीव्रगति से परमाणुओं के कणों को—जैसे प्रोटन को—बाहर फेंकती हैं और वह इस महागति में न्यूक्लिअस से टकरा जाता है और उसके टुकड़े-टुकड़े कर देता है। या फिर वे कणों को किसी परमाणु पर इतनी तीव्रगति से फेंकते हैं कि कण परमाणु में

द पर चोट करें और एक किनारे में रखी हुई गेंद मेज की थैली में चली ाए। दूसरे शब्दों में प्रत्येक कण परमाणु के केन्द्र पर चोट करता है और ायड्रोजन का एक न्यूक्लियस बाहर आ जाता है। यह सर्वप्रथम न्यूक्लियर ा रूप परिवर्तन था, जो वैज्ञानिकों ने देखा और इसी के फलस्वरूप ऐसी बड़ी-ड़ी मशीनें बनीं जो कि बड़ी तीव्र गति से न्यूक्लियसों पर परमाण्वीय कण दाग ाती हैं।

चूंकि प्रत्येक वस्तु परमाणुओं से ही बनी है अतएव, यदि बहुत अधिक तीव्र ति पैदा की जा सके, तो सिद्धान्त रूप से प्रत्येक वस्तु के परमाणु का विखंडन िया जा सकता है। इसीलिए बड़ी से बड़ी मशीनें बनाई गई हैं जिससे कि ोटॉनों को वह तीव्र गति दे सकें जो कि परमाणुओं के न्यूक्लियसों को टक्कर ने के लिए आवश्यक है।

आप जानते हैं कि यदि आप किसी फ्लैशलाइट बैटरी या ट्रांसफार्मर के—ैसा कि बिजली से चलने वाली गाड़ियों में होता है—दोनों सिरों में एक-एक ार लगाएं और उन्हें एक दूसरे के काफी करीब लाएं तो एक छोटी-सी चिनगारी उठती है। यह चिनगारी इसलिए उठती है कि छोटे-छोटे विद्युत् से ाविष्ठ कण एक सिरे से दूसरे सिरे की ओर जाते हैं। यदि आप दो या तीन ैटरियों में तार जोड़ कर ऐसा ही करें तो चिनगारी काफी बड़ी होती है और ोनों तारों के बीच के अधिक स्थान में वह उछलती है। इस बार उन छोटे-छोटे णों में अधिक विद्युत् शक्ति थी, इसलिए वे अधिक स्थान पर उछले। यदि आप उनके बीच में अपनी उंगली रखें तो आप यह क्रिया अनुभव कर सकेंगे। अब आप कल्पना कीजिए कि एक, दो या आधी दर्जन बैटरियों के स्थान पर आप करोड़ों बैटरी इस्तेमाल में लाते हैं। अब कणों की लहरें कई इंच की दूरी तक उछलती है और वे कण अत्यधिक तीव्र गति से उछलते हैं।

अब कल्पना कीजिए कि ठीक उस स्थान पर, जहां कि धन विद्युत् कणों की लहर ऋण विद्युत् की लहर से टकराती है, आप एक पदार्थ के कुछ परमाणु रखते हैं। आपको इस समय ऐसा ही लगता है जैसे अत्यधिक शक्तिशाली मशीनगन द्वारा किसी स्थान पर गोली दागी जा रही हो। जैसे उस स्थान पर

प्रविष्ट हो जाता है और उसको दूसरा ही परमाणु बना देता है।

ये मशीनें इतनी विशाल होती हैं कि इनके सम्बन्ध में पढ़ कर हम से बहुतों को सदैव आश्चर्य होता है। हम यह जानते हैं कि परमाणु इ सूक्ष्म होता है कि कोई भी व्यक्ति इसे कभी भी प्रत्यक्ष रूप से नहीं सकेगा। किन्तु जब भी कभी हम किसी पत्र-पत्रिका में परमाणु के सम्बन्ध पढ़ते हैं और परमाणु को तोड़ने के लिए जब हम किसी महाविशाल म का चित्र देखते हैं तो उसके सम्मुख मनुष्य बहुत छोटा प्रतीत होता सायक्लोट्रोन मशीन में सैकड़ों टन इस्पात लग जाता है और कुछ मशीन तो इतना इस्पात लग जाता है कि यह एक काफी बड़ा पुल बनाने के प्रर्याप्त होगा।

ये विशालकाय यंत्र इतने विशाल क्यों होते हैं? इङ्गलैंड के लार्ड अ रदरफोर्ड ने परमाण्वीय न्यूक्लिग्रस के सम्बन्ध में अधिक जानने के उद्देश सर्वप्रथम, स्वाभाविक रूप से रेडियो एक्टिव पदार्थों, जैसे रेडियम के अ कणों का सफलतापूर्वक उपयोग किया। उन्होंने विभिन्न पदार्थों के परमा के ऊपर रेडियम के अल्फा रेडिएशन की क्रिया की, और अल्फाकणों के उधर बिखरने के ढंग के आधार पर उन्होंने न्यूक्लिग्रस की सूक्ष्मता के स में कुछ निष्कर्ष निकाले। उसको करना बहुत ही कठिन था क्योंकि अल्फा और परमाणु के न्यूक्लिग्रस, दोनों ही घन विद्युत् आवेश वाले होते हैं भी अल्फा कणों की गति के कारण यह सम्भव हो सका कि उनमें से कुछ कुछ परमाणुओं के न्यूक्लिग्रसों से टकरा सके। किन्तु अधिकांश कण न्यू.. ग्रसों से टकरा न पाये क्योंकि ये बहुत ही छोटे थे।

सन् १६१६ में, लार्ड रदरफोर्ड ने यह पता लगाया कि जब वे नाइट्रोजन गैस से भरी एक नली में अल्फा कणों के किसी उद्गम (जिससे अल्फा कण ... हैं) को रखते हैं तो कभी-कभी एक बड़ी तीव्र गति वाला कण नाइ ... के न्यूक्लिग्रस के ऊपरी भाग से टकराता है और तब उस न्यूक्लिग्रस ... ार की, तीव्र गति वाला कण बाहर आता है। यह उसी तरह ... आप गेंद के खेल में, मेज में बहुत-सी गेंदों के बीच में रखी हुई ...

रखी हुई वस्तु मशीनगन की मार से टुकड़े-टुकड़े हो जाती है, उसी तर परमाणु भी इस परमाण्विक गोलियों की मार से टुकड़े-टुकड़े हो जाता। परमाण्विक गोलियां धन विद्युत वाले कण ही हैं जिन्हें मशीने बड़ा तीव्र गति दे दी है।

इस कार्य को करने के लिए जो सबसे पहले मशीनें बनाई गई थीं उन से एक का नाम है काकरापट-वाल्टन हाई वोल्टेज एक्सीलरेटर (मशीन) यह इंग्लैंड में बनाई गई थी जहां कि कैंब्रिज विश्वविद्यालय के दो वैज्ञानि ने एक वायुहीन नलिका बनाने में सफलता प्राप्त की थी। इस नलिका में उन्होंने ८ लाख वोल्ट भर लिए थे। उस कांच की नली में हाइड्रोजन गैस के धन विद्युत वाले कणों को भर दिया गया था और उन कणों को विद्युत के ८ लाख वोल्ट की ठोकर दी गई। फलस्वरूप ये कण नली से बड़ी तीव्रगति से निकल कर लिथियम धातु की एक वस्तु से टकरा गये। लिथियम के कुछ परमाणुओं ने हाइड्रोजन के कणों को अवशोषित कर लिया और हीलियम गैस के न्यूक्लियसों को बाहर निकाल दिया। यह उसी प्रकार से है जैसे कि फुटबाल की टीम में कोई फुलबैक (पीछे की कतार का खिलाड़ी) बीच की कतार में तेजी से गेंद ले जाए और जब उसको रोक लिया गया गेंद उसके हाथ से निकल गई—गेंद को हीलियम का न्यूक्लियस समझा सकता है।

इस 'हाई वोल्टेज एक्सीलरेटर टाइप मशीन' की ताकत बढ़ा कर वोल्टेज कर दी गई है। किन्तु वोल्टेज को बढ़ाना बड़ा ही कठिन कारण कणों की गति अधिक तीव्र नहीं की जा सकती।

और, सायक्लोट्रोन एक दूसरे ढंग पर काम करता है। इस कैलीफोर्निया के प्रोफेसर ई० ओ० लारेंस ने किया था।

सायक्लोट्रोन

सायक्लोट्रोन के नाम से ही आप समझ जाएगे कि यह कुछ गोलाकार गति सी करता होगा, उसी प्रकार जैसी कि बवण्डर (सायक्लोन) में होती है। असल में सायक्लोट्रोन एक प्रकार का मनुष्य निर्मित सायक्लोन (बवण्डर) ही है जो कि परमाणु के कणों को बार-बार चक्कर में घुमाता जाता है जिससे कि उनमें बहुत अधिक गति आ जाती है। हाईवोल्टेज एक्सीलरेटर मशीन में (जिसकी चर्चा हम अभी पहले कर रहे थे) छोटे-छोटे कणों को धक्का देकर चलाने के लिए एक बहुत ही अधिक शक्तिशाली विद्युत आवेश का इस्तेमाल किया जाता है। किन्तु सायक्लोट्रोन में कई विद्युत आवेशों का इस्तेमाल किया जाता है जो कि कम शक्ति वाले आवेश होते हैं। इसमें यह होता है कि सायक्लोट्रोन के कक्ष में कुछ प्रोटनों को रख दिया जाता है और उन्हें लगातार कई विद्युत की ठोकरें दी जाती हैं, वे तेजी से घूमते जाते हैं और अन्त में उनकी गति इतनी अधिक हो जाती है कि जहाँ वे मशीन के एक छिद्र में से बाहर निकाले गये, वे बड़ी तेजी से किसी दूसरे परमाणु के अन्दर प्रवेश कर जाते हैं।

यदि आप ने कभी "टेथर बाल" का खेल खेला हो तो आप इस क्रिया को आसानी से समझ सकते हैं। इस खेल में गेंद टेनिस की गेंद की तरह होती है और वह एक बांस के खम्भे के ऊपर एक लम्बी डोर से बंधी रहती है।

गरे प्लेट के निचले सिरे पर रेखाएं बनाते हैं। जो परमाणु सबसे ऊपर रेखाएं बनाते हैं वे वजन में सब से हल्के होते हैं। जो बीच में रेखाएं बनाते हैं, वे नसे पहले वालों की अपेक्षा ज्यादा वजन के होते हैं और जो सब से नीचे खाएँ बनाते हैं वे सब से अधिक भारी होते हैं। इससे यह ज्ञात होता है कि यौन के परमाणु भिन्न-भिन्न वजन वाले होते हैं।

जब एक कुशल निशानेबाज किसी लक्ष्य पर गोली चलाता है तो वह यह ी देखता है कि लक्ष्य की परिधि में हवा का बहाव किस तरफ है। यदि वह वा का विचार नहीं करता और यदि हवा पूर्व की ओर से चल रही है तो फिर ोली निशाने से जरा पश्चिम की ओर हट कर लगेगी। यदि वह भारी वजन ली गोली चलाता है तो फिर वह पहले वाली की तरह इतने पश्चिम की ोर हट कर न लगेगी। इस प्रकार यदि किसी बंदूक से एक ही शक्ति के साथ भिन्न-भिन्न वजनों वाली गोलियाँ चलाई जाएं तो वे निशाने के पास भिन्न-भिन्न स्थानों पर लगेंगी। अब आप चुम्बकीय क्षेत्र को हवा समझ लीजिए ोर विभिन्न वजन वाले परमाणुओं को गोली समझ लीजिए तो आपकी मझ में आ जाएगा कि मास स्पेक्ट्रोग्राफ किस प्रकार कार्य करता है।

मास स्पेक्ट्रोग्राफ तथा अन्य मशीनों के द्वारा यह जाना जा चुका है कि भी तत्वों विभिन्न वजनों के परमाणुओं का चुना हुआ संग्रह होता है। पर-माण्वीय भार किसी परमाणु के भार का मापक होता है, उसी प्रकार जैसे कि य का वजन नापने के लिए पाउंड होता है। कारबन के परमाणु का भार ० होता है। दूसरे परमाणुओं का भार ११, १२, १३, १४ आदि होता । उदाहरण के लिए, लोह के एक परमाणु का भार ५५ होता है। दूसरे ५६ और तीसरे का ५६।

कुछ दूसरी तरह के परमाणु ऐसे भी होते हैं जो कि एक ही भार को रखे-ते एक जाते हैं और वे अलग-अलग हो जाते हैं। इस प्रकार उनका वजन म हो जाता है। कभी-कभी कोई विशेष प्रकार का अस्थायी परमाणु, जैसे रेनियम का परमाणु इस प्रकार परिवर्तित हो जाता है कि वह दूसरे प्रकार ा परमाणु ही बन जाता है।

र हो सकती है और इनका पता जीगर काउंटर सरीखे यन्त्रों से चलाया जा ता है।

किरणों से फ़ोटोग्राफ़ी की फ़िल्म काली पड़ जाती है।

किरणों से गैसें उसी प्रकार विद्युत-संचालक बन सकती हैं जिस प्रकार तांबे का तार।

रेडियो एक्टिव आइसोटोप्स को या दूसरे अधिक आइसोटोप्स को जब भी दूसरी वस्तु में मिश्रित किया जाता है या किसी दूसरे तत्व से संयुक्त कर या जाता है या पिघलाया जाता है तब उन सभी का व्यवहार (प्रतिक्रिया) सा ही होता है।

इन गुणों के कारण, हमारे दिन प्रति दिन के जीवन में रेडियो एक्टिव टोपोटोप्स का उपयोग कई प्रकार से किया जा सकता है। कुछ तरह के डियो एक्टिव आइसोटोप्स का उपयोग उसी प्रकार से किया जा सकता है, स प्रकार दत-चिकित्सक की दूकान पर 'एक्स रे' मशीन का उपयोग किया ता है। जिस प्रकार से 'एक्स रे' की सहायता से दत-चिकित्सक वह फ़िल्म ताता है जिस पर आप अपने दातों का बनना देख सकते हैं, इसी प्रकार मोटर के रखानों में काम करने वाला व्यक्ति रेडियो एक्टिव आइसोटोप्स की सहायता मोटरों के बनने की फ़िल्म बनाकर यह जान सकता है कि कार के इस्पात दि में कोई नुक्स तो नहीं रह गया। जैसे 'एक्स रे' से आप के शरीर को ई हानि नहीं पहुँचती उसी प्रकार आइसोटोप्स से इस्पात को कोई नुकसान ी पहुँचता।

रेडियो एक्टिव आइसोटोप्स के उपयोग में एक बहुत बड़ी सुविधा यह है इसे कहीं लाने ले जाने में अधिक कठिनाई नहीं होती। एक्स रे मशीन को ने ले जाने में काफ़ी परेशानी होती है। कोबाल्ट ६०, के टुकड़े को कहीं भी प आसानी से ले जा सकते हैं और उसे सकरी से सकरी जगहों, या ऐसी गहों में—जहां अन्य वस्तु न जा सकती हो—रखा जा सकता है। उदाहरणार्थ, ने के नल में या छोटे से गैसोलीन के एंजिन में भी रखा जा सकता है।

रेडियो एक्टिव वाले खन के कई लाभ हैं। इसके उपयोग का एक साधारण

र हो सकती है और इनका पता गीगर काउंटर सरीखे यंत्रों से चलाया जा सकता है।

किरणों से फोटोग्राफी की फिल्म काली पड़ जाती है।

किरणों से गैसें उसी प्रकार विद्युत-संचालक बन सकती हैं जिस प्रकार तांबे का तार।

रेडियो एक्टिव आइसोटोप्स को या दूसरे अधिक आइसोटोप्स को जब किसी दूसरी वस्तु में मिश्रित किया जाता है या किसी दूसरे तत्व से संयुक्त कर दिया जाता है या पिघलाया जाता है तब उन सभी का व्यवहार (प्रतिक्रिया) एक-सा ही होता है।

इन गुणों के कारण, हमारे दिन प्रति दिन के जीवन में रेडियो एक्टिव आइसोटोप्स का उपयोग कई प्रकार से किया जा सकता है। कुछ तरह के रेडियो एक्टिव आइसोटोप्स का उपयोग उसी प्रकार से किया जा सकता है, जिस प्रकार दंत-चिकित्सक की दूकान पर 'एक्स रे' मशीन का उपयोग किया जाता है। जिस प्रकार से 'एक्स रे' की सहायता से दंत-चिकित्सक वह फिल्म बनाता है जिस पर आप अपने दांतों का बनना देख सकते हैं, इसी प्रकार मोटर के कारखानों में काम करने वाला व्यक्ति रेडियो एक्टिव आइसोटोप्स की सहायता से मोटरों के बनने की फिल्म बनाकर यह जान सकता है कि कार के इस्पात आदि में कोई नुक्स तो नहीं रह गया। जैसे 'एक्स रे' से आप के शरीर को कोई हानि नहीं पहुँचती उसी प्रकार आइसोटोप्स से इस्पात को कोई नुकसान नहीं पहुँचता।

रेडियो एक्टिव आइसोटोप्स के उपयोग में एक बहुत बड़ी सुविधा यह है कि इसे कहीं लाने ले जाने में अधिक कठिनाई नहीं होती। एक्स रे मशीन को लाने ले जाने में काफी परेशानी होती है। कोबाल्ट ६०, के टुकड़े को कहीं भी आप आसानी से ले जा सकते हैं और उसे सकरी से संकरी जगहों, या ऐसी जगहों में—जहां अन्य वस्तु न जा सकती हो—रखा जा सकता है। उदाहरणार्थ, सीसे के नल में या छोटे से गैसोलीन के एंजिन में भी रखा जा सकता है।

रेडियो एक्टिव आले खन के कई लाभ हैं। इसके उपयोग का एक साधारण

नियंत्रण करना आवश्यक होता है जिससे कि भोजन के विटामिन (जीवनीय तत्व) नष्ट न हो पाए और न ही भोजन का स्वाद खराब हो। फिर भोजन को रेफ्रीजरेटर में रखने की आवश्यकता नहीं रह जाएगी, केवल धूल से बचाने के लिए उसे अलमारी में रखना आवश्यक हो जाएगा।

जैसे-जैसे परमाणु-युग का विकास होता जाएगा वैसे-वैसे हमारे जीवन में रेडियो-एक्टिव आइसोटोप्स का महत्व अधिक बढ़ता जाएगा। इनके उपयोग में केवल एक ही कठिनाई है, और वह यह है कि इनसे निकलने वाली किरणों का उचित नियन्त्रण होना चाहिए जिससे वह मनुष्य के शरीर को हानि न पहुँचा सकें। इनका उपयोग इस प्रकार से होना चाहिए जिससे मनुष्य को रेडियो एक्टिव धूल को अपनी साँस से अंदर ले जाने का खतरा न हो, उसका शरीर रेडिएशन का शिकार न बन जाए और वह ऐसा भोजन न खाए जो किरणों के कारण आवश्यकता से अधिक रेडियो एक्टिव हो गया हो। इसी लिए यह आवश्यक है कि रेडियो एक्टिव द्रव्यों से सम्बन्ध रखने वाली प्रत्येक प्रक्रिया किसी आवरण के भीतर हो। यह आवरण कितना तथा किस प्रकार का हो, यह इस पर निर्भर करता है कि उपयोग में लाए जाने वाले आइसोटोप्स कितने परिमाण में हैं तथा कितनी शक्ति वाले हैं।

कल्पना कीजिए कि आपने कुछ थोड़े-से परिमाण में आलू के बोरों का संग्रह किया है और साधारण मात्रा में इनका रेडिएशन हो चुका है, जिससे इनके हानि पहुँचने का अंदेशा नहीं है। वास्तव में शुद्ध आलू स्वयं रेडियो एक्टिव नहीं होगी किन्तु इसकी कोई अशुद्धि, जैसे इसमें रहने वाले खनिज पदार्थ, या इसके ऊपर रहने वाली धूल या गन्दगी रेडियो एक्टिव हो सकती है। यदि आपने बहुत सारी बोरे इस प्रकार जमा कर लिए तो रेडियो एक्टिव

द्रव्य काफी समूह में हो जाएगा और वहाँ इतनी अधिक रेडियो एक्टिविटी
जाएगी कि जब तक वह स्थान सीसे के आवरण से ढका न होगा तब
वहाँ से निकलना भी कठिन होगा।

आवरण की कठिनाई काफी हद तक दूर की जा चुकी है तब भी

प्रयोगशाला में परमाणु इंजीनियर

बड़ी कठिनाई के होते हुए भी, जो रेडियो एक्टिव आइसोटोप न्यूक्लियर रिये-क्टर में न्यूट्रोनों द्वारा कुछ पदार्थों का विस्फोट करके या सायक्लोट्रौन से प्रोटोन द्वारा विस्फोट करके बनाए जाते हैं, उनका उद्योगों तथा कारखानों में अब व्यावसायिक उपयोग होने लगा है और इसके फलस्वरूप अमेरिका में करोड़ों डालर की प्रतिमास बचत हो रही है। हम जानते हैं कि ये परमाणु छोटे-छोटे रेडियो स्टेशनों की तरह काम करते हैं और इनके संदेशों का आलेख किया जा सकता है और इसके साथ ही साथ इन परमाणुओं का चिकित्सा या कृषि के क्षेत्र में हजारों तरह से उपयोग किया जा रहा है।

रेडियो एक्टिव द्रव्यों का या तो स्वयं ही, या किसी दूसरे पदार्थ, गैस या द्रव के साथ मिला कर, किसी भी धातु, द्रव या मानव शरीर में पता लगाया जा सकता है। जिस तरह बाजीगर अपने ताश के पत्ते को आसानी से पहचान लेता है, उसी प्रकार डिटेक्टिंग यन्त्र (पता लगाने वाले यन्त्र) से परमाणु का पता लगाया जा सकता है। इन यन्त्रों से केवल यही पता नहीं चलता है कि एक परमाणु किस स्थान पर है किन्तु इससे यह भी पता चलता है कि निश्चित स्थान पर कितने परमाणु हैं। परमाणु सूचक, मनुष्य या मशीन, किसी को भी खिलाया जा सकता है और डिटेक्टिंग यन्त्र के फलस्वरूप हमें यह ज्ञात हो जाता है कि जैविक, रासायनिक और यान्त्रिक पाचन क्रिया, अर्थात् कार्य-विधि, किस प्रकार की है।

रेडियो एक्टिव परमाणुओं से हम यह जान सकते हैं कि अन्न के डिब्बों में कितनी जल्दी पानी भिद जाता है और इस प्रकार हम किसी डिब्बे के ठीक होने के बारे में निश्चय कर सकते हैं। इसी प्रकार हम यह भी निश्चय कर सकते हैं कि किसी भोजन में द्रव किस गति से अवशोषित होता है और इस तथ्य से धान्य बनाने वाला यह निश्चय कर सकता है कि किस प्रकार ऐसा भोजनीय द्रव्य बनाया जाए जो कि जल्दी से पक जाए।

रेडियो एक्टिव परमाणुओं के उपयोग से हो सकता है कि गाय हमारे लिए बिलकुल अनावश्यक वस्तु बन जाय, वह केवल देहातों की शोभा भर रह जाए। गाय जिस प्रकार दूध निर्मित करती है, उस पर किए जाने वाले अन्वेषणों

के फलस्वरूप अधिकाधिक दूध कारखानों में तैयार किया जा सकता है। कारखानों का बना हुआ दूध भी उतना ही पौष्टिक होगा जितना गाय का दूध हो सकता है और यह गाय के दूध से अधिक स्वादिष्ट हो।

यदि आप यह देखना चाहते हैं कि आपका प्रिय मूषक कहाँ जाता है तो आप उसे बहुत थोड़ा-सा रेडियो एक्टिव कोबाल्ट खिला दें और जब वह भाग जाए तो जीगर काउटर लेकर उसका पीछा कीजिए। विसकासिन में एक वैज्ञानिक शास्त्री ने यही किया क्योंकि वह जानना चाहता था कि किस प्रकार के खेत में चूहा अपना अधिकांश समय बिताता है। इसी तरह बहुत से कीड़ों, पक्षियों और चूहों का पता लगाया गया है। आइसोटोप के प्रयोग से उन लोगों का बहुत-सा समय बच गया है, जो जंगल के जीवन में रुचि रखते हैं; किंतु वह अपना अधिक व्यय नहीं करना चाहते।

गोल्फ के जो खिलाड़ी अपनी गेंद को घास-फूस वाले मैदान में खो देते हैं उनको चाहिए कि वे अपनी गेंद को रेडियो एक्टिव बना दें और फिर कितने ही खराब मैदान में उनकी गेंद क्यों न खो जाए, वे उसका पता जीगर काउटर से लगा सकते हैं। जब पहले-पहल इस विधि का उपयोग किया गया तो जिस आदमी ने यह किया था उसे अनुभव हुआ कि जब गेंद में पर्याप्त रेडियो एक्टिव द्रव्य लगा दिया जाता है तो फिर उसे जेब में रख कर ले जाना खतरनाक सिद्ध होता है।

जीगर काउंटर से गोल्फ की गेंद ढूंढ लीजिए।

